सामुदायिक शौचालयों के संचालन हेतु विकास खण्ड स्तर पर सहायक विकास अधिकारी पं0 व खण्ड विकास अधिकारी द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के खण्ड प्रेरक एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी समय–समय पर सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण किया जाता है। एनआरएलएम के समूहों के सदस्यों की बैठकें भी विकास खण्ड पर आयोजित की जाती हैं। शासनादेश के अनुसार नियमित रूप से सामुदायिक शौचालयों की मरम्मत व केयर टेकर का भुगतान कराने हेतु जनपद स्तर से समीक्षा की जाती है।